आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12 अगस्त 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश विधानमंडल दल का मॉनसून सत्र शुरू। कल से विजन डाक्यूमेंट दो हजार सैंतालीस पर होगी चर्चा की शुरुआत। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– वर्तमान सत्र में अगले पचीस वर्षों की कार्ययोजना को सदन की पटल पर रखेगी सरकार।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत देश के पैंतीस लाख से अधिक किसानों के तीन हजार नौ सौ करोड़ रुपए के दावे का हुआ भुगतान। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–फसल बीमा योजना में केंद्र सरकार ने किए हैं व्यापक सुधार।
- मुख्यमंत्री ने ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता'' अभियान से जुड़ने के लिए वीडियो संदेश के जरिए प्रदेशवासियों से की अपील। कहा–यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति हमारा प्रण है।
- पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त घोषित किया गया वाराणसी का काशी विश्वनाथ धाम।

**********

प्रदेश विधानमंडल का मॉनसून सत्र कल से शुरू हो गया। सोलह अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में सबसे अहम चर्चा विजन डॉक्यूमेंट–दो हजार सैंतालीस पर होगी। यह चर्चा कल से चौदह अगस्त तक चौबीस घंटे लगातार चलेगी। इस दौरान सभी मंत्री अपने–अपने विभागों का विजन डॉक्यूमेंट प्रस्तुत करेंगे, जिसे नागरिकों के सुझावों के आधार पर तैयार किया जाएगा। विधानमंडल सत्र शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस बार का मानसून सत्र विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें सरकार अगले पचीस वर्षों की कार्ययोजना को सदन के पटल पर रखेगी।

**लगातार चौबीस घंटे तक उत्तर प्रदेश विधानमंडल में इसपे चर्चा होनी है और चर्चा के बाद सरकार के द्वारा कैसे इस विजन डॉक्यूमेंट को नीति आयोग के मार्गदर्शन में इसको लेकर के विस्तृत कार्य योजना की घोषणा भी हम लोग सदन में करेंगे और आगामी पच्चीस वर्ष की कार्ययोजना को लेकर के सरकार अपने विजन को सदन के पटल पर रखेगी और उस कार्यक्रम को एक समय सीमा के अंदर तैयार करते हुए विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश के इस संकल्प को आगे बढ़ाने की चर्चा का केन्द्र बिन्दु हमारा सदन बनेगा।**

कल विधानसभा की कारवाई शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने गोरखपुर के विरासत कॉरिडोर निर्माण से व्यापारियों में असंतोष का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सपा के प्रतिनिधिमंडल को विरासत कॉरिडोर में जाने से रोका गया। इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर सपा सदस्यों ने वेल में आकर हंगामा किया।

जवाब में मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी की राजनीति को नकारात्मक और विकास विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि सरकार सुनिश्चित करेगी कि विकास कार्यों के दौरान किसी का नुकसान न हो।

**आपके तीन दिन पहले मैं स्वयं उस विरासत गलियारे का दौरा किया था। मैं एक एक व्यापारी से बात किया था। वो गोरखपुर के सबसे प्राचीन मंडी है और सबसे पुराना बाजार है। लेकिन कंजेशन होने के नाते अवैध कब्जा होने के नाते वहां पर उस कंजेशन को दूर करके सड़क बनाई जा रही है। अपने समय में विकास का आपका कोई एजेंडा नहीं था। अगर भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास कराना चाहती है तो आपको इसमें भी बुरा लगता है।**

विधान परिषद में भाजपा सदस्य विजय बहादुर सहित कई अन्य सदस्यों ने कल भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम के सदस्यों को अंतरिक्ष स्टेशन पर सफलतापूर्वक मिशन पूरा कर लौटने पर बधाई दी।

समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने प्रदेश में बेसिक शिक्षा की स्थिति को लेकर अपने विचार सदन में रखे। इस विषय पर बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि सरकार बच्चों की शिक्षा को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और बेहतर गुणवत्ता वाली शिक्षा के साथ डिजिटल शिक्षा को भी बढ़ावा दे रही है। सरकार के उत्तर से असंतुष्ट सपा के सभी सदस्यों ने सदन से वॉक आउट किया।

**********

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत देश के पैंतीस लाख से अधिक किसानों को दावे के भुगतान के रूप में तीन हजार नौ सौ करोड़ रुपये की राशि दी गई। इस संबंध में राजस्थान के झुंझुनू में कल एक कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ने फसल बीमा योजना में व्यापक सुधार किए हैं।

**जनवरी से लेकर अब तक 11 हजार करोड रुपए किसानों के खाते में डाल चुके हैं। देश के किसान भाईयों मैं आपको आश्वस्त करता हूं ये मोदी जी की सरकार है, भगवान ना करे कभी फसल बर्बाद हो लेकिन अगर कभी ऐसी मौका आ गया तो राहत की राशि में कसर नहीं रखेंगे क्योंकि हम जानते हैं कि फसल अगर बर्बाद होती है तो केवल फसल बर्बादी नहीं होती किसान की जिंदगी बर्बाद होती है। इस संकट से मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार आपको निकाल के पार ले जाएगी।**

**********

भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में जन्माष्टमी के भव्य उत्सव को लेकर तैयारियां जारी हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि इस वर्ष श्री कृष्ण जन्मोत्सव और अधिक भव्य तरीके से मनाया जाएगा। इस बार मंदिर के गर्भ गृह को सवा दौ सो किलो चांदी से सजाया गया है।

**भगवान श्री कृष्ण के पाँच हजार दो सौ बावनवें जन्म महोत्सव को भौतिक भव्यता और दिव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष लगभग सवा दो सौ किलो चांदी का उपयोग करते हुए भगवानश्री कृष्ण के गर्भ को सुंदर स्वरूप प्रदान किया गया है। भगवान के जन्म महोत्सव को सुंदर सुचारू और भक्तों के लिए सुलभ बनाने के लिए जो भी उपाय है वे सभी पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर सुनिश्चित किए जा रहे हैं।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा है कि यह सिर्फ एक अभियान नही बल्कि भारत माता के प्रति हमारा प्रण है। कल प्रदेशवासियों के लिए जारी एक वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान, और शान है एवं स्वच्छता हमारे संस्कार, हमारी सभ्यता तथा हमारे भविष्य की पहचान है। श्री योगी ने कहा कि गांव हो या शहर, पंचायत हो या नगर निकाय, आजादी का यह पर्व हम सबको एक सूत्र में पिरोता है। राष्ट्रभक्ति के साथ स्वच्छ, सुन्दर और सशक्त उत्तर प्रदेश का निर्माण हम सबकी जिम्मेदारी है।

**मुझे विश्वास है कि हम अपने अपने पंचायत सचिवालय, नगर निकाय कार्यालय घरों, सार्वजनिक भवनों और संस्थानों में तिरंगा लहराएगें और आस पास के स्वच्छता को अपने व्यक्तिगत दयित्व मानते हुए सुनिश्चित करेगें। इस बार के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हमारे लिए गौरव का क्षण है इस पंद्रह अगस्त को उत्तर प्रदेश के पैंतीस से अधिक ग्राम प्रधान उनकी उत्कृष्ट कार्यो के लिए दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशिष्ट रूप से सम्मानित किए जा रहे हैं।**

**********

वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ धाम को कल से पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त परिसर घोषित कर दिया गया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित होने के बाद से अब श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर में प्लास्टिक की टोकरी, लोटा या अन्य सामग्री के साथ प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। लगातार एक महीने से मंदिर न्यास अभियान चला कर लोगों को इसके बारे में जागरुक कर रहा है। मंदिर परिसर के दुकानदारों और श्रद्धालुओं से पारंपरिक और पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों के उपयोग की अपील की जा रही है। साथ ही लोगों को बांस की टोकरियाँ और स्टील के लोटे बांट कर भी इस अभियान के बारे में अवगत कराया गया । मंदिर न्यास के मुताबिक यह पहल लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।**

**********

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बारिश का सिलसिला जारी रहने और बांधों से पानी छोड़े जाने की वजह से वाराणसी, बलिया, हापुड़, बदायूं, फर्रुखाबाद में गंगा और बाराबंकी व अयोध्या में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। राहत आयुक्त भानू चंद्र गोस्वामी ने बताया कि प्रदेश के सैंतीस जिलों की पंचानबे तहसील और उन्नीस सौ उनतीस गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ पीडित लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम मुस्तैद है और सभी बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के मंत्री लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत व बचाव कार्यो की निगरानी कर रहें हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों के कई जिलों में आज भी मध्यम से तेज बारिश की संभावना जताई है।

**********